भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 49 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 04 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## खनिज नीति के विरोध में प्रदेशभर में खनन ठप, बिजौलिया-डाबी-बरड में 12 हजार मजदूरों का रोज़गार संकट में





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा/बिजौलिया**

राजस्थान में खनिज से जुड़ी दो प्रमुख संगठनों–स्टोन क्रेशर एसोसिएशन और चेजा पत्थर पट्टा धारक संघने राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की है। नई रॉयल्टी दरों और नियमों में बदलाव के विरोध में प्रदेशभर में खनन कार्य पूर्ण रूप से ठप हो चुका है, जिससे निर्माण कार्यों से लेकर रोज़गार तक प्रभावित हो रहा है।

भीलवाड़ा जिले के बिजौलिया, डाबी और बरड जैसे प्रमुख खनन क्षेत्रों में भी हड़ताल का असर साफ दिखाई दे रहा है। यहां खनन कार्य रुकने से करीब 12,000 से अधिक श्रमिकों का रोज़गार छिन गया है। खदानों में सन्नाटा पसरा हुआ है और पत्थर, चेजा, क्रेशर सहित सभी गतिविधियां थम चुकी हैं।

### नियमों में बार-बार बदलाव से उद्योग हताश

ऊपरमाल सैंड स्टोन विकास समिति के अध्यक्ष नरोत्तम धाकड़ ने बताया कि राज्य सरकार की नीतियों में बार-बार बदलाव होने से पत्थर व्यवसाय से जुड़े लोग गहरे संकट में हैं। ÷रॉयल्टी में बढ़ोतरी और अव्यवहारिक नियमों के कारण अब यह व्यवसाय घाटे का सौदा बनता जा रहा है।

### प्रदेशव्यापी असरः सप्लाई से लेकर परिवहन तक सब ठप

जयपुर, कोटा, अलवर, भरतपुर, अजमेर, बांसवाड़ा, सिरोही समेत प्रदेश के अधिकतर जिलों में खनिज उत्खनन, परिवहन और पत्थर की आपूर्ति पूरी तरह से बंद है। इससे निर्माण कार्यों पर भी सीधा प्रभाव पड़ा है।

### संघों ने चेताया– बातचीत नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन

दोनों संघों ने स्पष्ट किया है कि जब तक सरकार वार्ता कर समाधान नहीं देती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी और आगे इसे प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन का रूप दिया जाएगा।

### 21 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार को दिया ज्ञापन

संघों ने सरकार को 21 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है, जिनमें प्रमुख मांगें ये रखी गई हैं–

- आरएमएमसीआर 2017 नियमों को व्यावहारिक बनाना
- ड्रोन सर्वे की प्रक्रिया सरल करना
- प्रदेशभर में रॉयल्टी दरें एक समान लागू करना
- मान्यता प्राप्त पट्टों पर अनावश्यक कार्रवाई बंद करना
- खनिज को 'उद्योग' का दर्जा देना
- पर्यावरणीय मंजूरी की प्रक्रिया सहज बनाना
- निष्क्रिय खदानों को खंडित न करना
- किसानों के ट्रैक्टरों पर लगाए गए जुर्मानों को माफ करना
- एम-सैंड को सरकारी निर्माण कार्यों में अनिवार्य करना

इसके अतिरिक्त, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की सरकारों द्वारा राजस्थान से जाने वाले खनिजों पर लगाए गए प्रवेश कर का भी विरोध किया गया है। साथ ही ट्रैक्टर-ट्रॉली के रवन्ना एवं टीपी परिवहन अनुमति प्रक्रिया को पूर्ववत चालू करने की मांग की गई है।

## पाली जिले के दुदापुरा गांव में दर्दनाक हादसा , चारपाई पर सोते दो मासूम भाइयों की सांप के डसने से मौत





**भीलवाड़ा फोकस @ पाली**

जिले के देसूरी उपखंड के दुदापुरा गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है । घर के कमरे में मां के साथ चारपाई पर सो रहे दो मासूम बच्चों को जहरीले सांप ने डस लिया। अचानक दोनों बच्चे चीखकर रोने लगे, जिससे मां की नींद खुली। जब उसने कमरे की लाइट जलाई तो देखा कि बच्चों के मुंह से झाग निकल रहा है।

घबराई महिला आनन-फानन में कमरे से बाहर निकली और बरामदे में सो रहे अपने ससुर को उठाया। इसी दौरान बरामदे में सांप नजर आया, जिसे ससुर ने लाठी से मार गिराया। फिर बच्चों को तुरंत इलाज के लिए सादड़ी अस्पताल ले जाया गया।

डॉक्टरों ने जांच के बाद बड़े बेटे 3 वर्षीय कार्तिक को मृत घोषित कर दिया, जबकि 8 महीने का मासूम नक्ष गंभीर हालत में था, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सुमेरपुर हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया।

मां रिंकू ने बताया कि वह दोनों बच्चों के साथ कमरे में सोई हुई थी, जबकि ससुर दोलाराम बाहर बरामदे में थे। तड़के करीब 4-30 बजे अचानक बच्चों की जोर-जोर से रोने की आवाज आई। जब वह उठकर देखी, तो दोनों बेसुध पड़े थे और मुंह से झाग निकल रहा था।

रिंकू ने बताया कि उसके ससुर के पैर में फ्रैक्चर है, इसलिए उन्होंने गांव के सरपंच दौलतराम राईका को फोन कर तुरंत मदद मांगी। सरपंच गाड़ी लेकर पहुंचे और बच्चों को लेकर सादड़ी अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

बच्चों के पिता बाबूलाल उत्तराखंड में होटल में काम करते हैं और घटना के समय घर पर मौजूद नहीं थे। गांव में इस हृदयविदारक हादसे के बाद शोक की लहर फैल गई है। एक ही घर से दो बच्चों की अर्थी उठने से माहौल गमगीन हो गया।

## सिंगोली में नदी में नहाते समय डूबने से किशोर की मौत, सोशल मीडिया पर फैली अफवाह से बिजौलिया में मचा हड़कंप

**पुलिस ने तिलस्वां क्षेत्र में की जांच, पुष्टि के बाद अफवाह करार दिया, लोगों से संयम और सतर्कता की अपील**





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

मध्यप्रदेश के नीमच जिले के सिंगोली थाना क्षेत्र में रविवार को एक किशोर की नदी में डूबने से मौत हो गई। यह हृदयविदारक हादसा ताल ग्राम के पास उस वक्त हुआ, जब 15 वर्षीय गौरव छीपा पुत्र अंतिम कुमार छीपा अपने नाना-मामा के गांव उज्जैनी पर्व पर आए पारिवारिक आयोजन में शामिल होने पहुंचा था। परिवार के साथ भोजन कार्यक्रम में शामिल गौरव पास ही बह रही रोजड़ी नदी में नहाने चला गया, लेकिन वापस लौट नहीं सका।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गौरव अपने दो मित्रों के साथ नदी में उतरा था। नहाने के दौरान तीनों में से दो बच्चे तो बाहर आ गए, लेकिन गौरव अचानक गहरे पानी की ओर बह गया और कुछ ही क्षणों में ओझल हो गया।

घटना की खबर मिलते ही ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते नदी किनारे सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने के बाद तहसीलदार प्रेम शंकर पटेल, सिंगोली थाना प्रभारी बीएल भाबर, नगर परिषद के कार्मिक स्थानीय गोताखोर और नीमच से एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुचीं । लगभग सात घंटे तक चले तलाशी अभियान के बाद शाम करीब 6 बजे गौरव का शव बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि रविवार को ही गौरव का जन्मदिन भी था, जो इस दुर्घटना की वजह से मातम में बदल गया।

### सोशल मीडिया पर चली झूठी खबर, बिजौलिया पुलिस को करना पड़ा निरीक्षण

इस हादसे की सूचना जैसे ही सोशल मीडिया पर फैली, कुछ असत्यापित पोस्ट में यह दावा किया जाने लगा कि यह दुर्घटना राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के बिजौलिया क्षेत्र के तिलस्वां गांव की ऐरू नदी में हुई है।

इन भ्रामक संदेशों के कारण तिलस्वां क्षेत्र में भी चिंता का माहौल बन गया। जैसे ही पुलिस को इस बात की जानकारी मिली, थानाधिकारी लोकपाल सिंह के निर्देश पर पुलिस दल ने तिलस्वां क्षेत्र की ऐरू नदी, मंदिर परिसर स्थित कुंड और अन्य जल स्रोतों का निरीक्षण किया।

जांच के दौरान ऐसी कोई घटना सामने नहीं आई। इसके बाद थानाधिकारी ने सार्वजनिक रूप से स्पष्ट किया कि यह दुर्घटना राजस्थान में नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के सिंगोली थाना क्षेत्र में हुई है।

### अफवाहों पर सख्त रुख, सोशल मीडिया उपयोग में सावधानी की अपील

थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया कि बिना तथ्य की पुष्टि किए सोशल मीडिया पर किसी भी घटना को प्रसारित करना गैरजिम्मेदाराना रवैया है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल प्रशासनिक संसाधनों पर दबाव पड़ता है, बल्कि आम लोगों में भय और भ्रम भी फैलता है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की सूचना को साझा करने से पहले उसकी सच्चाई की पुष्टि अवश्य करें और केवल अधिकृत स्रोतों पर ही भरोसा करें।

### पुलिस को करनी पड़ी अप्रत्याशित मुस्तैदी

तिलस्वां में घटना की झूठी सूचना सामने आने के बाद बिजौलिया पुलिस को तत्परता दिखाते हुए पूरा क्षेत्र खंगालना पड़ा। नदी, कुंड और आसपास के क्षेत्रों की गहनता से तलाशी ली गई। इस दौरान थाने का पूरा स्टाफ सक्रिय रहा और अंततः यह स्पष्ट हुआ कि तिलस्वां क्षेत्र में कोई हादसा नहीं हुआ है।

## खाटूश्यामजी मंदिर में नए समयानुसार दर्शन व्यवस्था लागू, शनिवार रात से रविवार सुबह तक नहीं होंगे दर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ सीकर**



श्रद्धालुओं की सुविधाओं और मंदिर व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए श्रीखाटूश्यामजी मंदिर में दर्शन की नई समयसारणी लागू की गई है। इसके तहत अब हर शनिवार रात 10 बजे से रविवार सुबह 5 बजे तक मंदिर के पट पूरी तरह बंद रहेंगे। इस दौरान किसी भी भक्त को बाबा श्याम के दर्शन नहीं कराए जाएंगे। मंदिर कमेटी ने इस आशय की सार्वजनिक सूचना जारी की है।

मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि यह निर्णय पारंपरिक व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि मंदिर संचालन अधिक सुचारु रह सके। साथ ही, मंदिर में तैनात सेवादारों और कर्मचारियों को विश्राम का समय भी मिल सके।

चौहान ने कहा कि सप्ताहांत पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है, जिससे मंदिर संचालन में चुनौतियां बढ़ जाती हैं। ऐसे में एक निर्धारित समय पर मंदिर को बंद रखकर व्यवस्थाओं को पुनः व्यवस्थित करना आवश्यक हो गया था।

मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि शनिवार रात 10 बजे से पहले दर्शन की योजना बनाएं और रविवार सुबह 5 बजे के बाद ही मंदिर आएं। समिति ने यह भी स्पष्ट किया कि यह निर्णय भक्तों की सुविधा और मंदिर की व्यवस्थित सेवा व्यवस्था बनाए रखने के लिए लिया गया है।

मंदिर प्रशासन का आग्रह है कि श्रद्धालु तय समय का पालन करें, ताकि हर किसी को सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण वातावरण में बाबा श्याम के दर्शन का सौभाग्य मिल सके।



# चावंडिया के मांगट देव मालाजी मंदिर का मनमोहक दृश्य

**जहाजपुर।** अरावली पर्वतमाला की गोद में बसे चावंडिया चौराहा स्थित प्राचीन मांगट देव मालाजी महाराज मंदिर का वर्षा के बाद हरियाली के आठ निखरा दृश्य श्रद्धालुओं को आस्था के साथ प्रकृति की सुंदरता का भी अहसास करा रहा है।

**फोटो – दिनेश टाक**

## वन पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा का भीलवाड़ा दौरा आज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राज्य सरकार में वन, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा सोमवार को भीलवाड़ा जिले के दौरे पर रहेंगे। जानकारी के अनुसार, मंत्री शर्मा दोपहर 2 बजे चित्तौड़गढ़ से रवाना होकर हमीरगढ़ होते हुए 3ः30 बजे भीलवाड़ा पहुंचेंगे। शाम 4 बजे वे राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय स्थित जिला कॉन्फ्रेंस हॉल में वन एवं पर्यावरण विभाग की बजट घोषणाओं, पौधारोपण, अन्य योजनाओं एवं विभागीय कार्यकलापों की समीक्षा बैठक लेंगे। वे रात्रि विश्राम सर्किट हाउस, भीलवाड़ा में करेंगे तथा 5 अगस्त को सुबह 7 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## बिजोलिया में रात के सन्नाटे में चोरों ने घर के अंदर से उड़ाई बाइक, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात






**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

थाना क्षेत्र के छोटा नया गांव में शनिवार देर रात चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। जहाँ सावंत धाकड़ पुत्र पप्पू लाल धाकड़ की बाइक उनके घर के अंदर से अज्ञात चोरों द्वारा चुरा ली गई। यह वारदात शनिवार देर रात करीब 2 बजे से 2ः30 बजे के बीच की बताई जा रही है।चोरी की पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें चार अज्ञात युवक घर में प्रवेश कर बाइक का लॉक तोड़ते और उसे चुपचाप बाहर निकालकर ले जाते हुए नजर आ रहे हैं। रात के सन्नाटे का फायदा उठाकर चोर बड़ी आसानी से बाइक चुराकर फरार हो गए।पीड़ित सावंत धाकड़ ने इस संबंध में बिजोलिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है। गांव में हुई इस घटना के बाद लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

## लापता बालक की नाले में तैरती मिली लाश, परिजनों में शोक


**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



पुर थाना क्षेत्र की कच्ची बस्ती में शनिवार से लापता 5 वर्षीय बालक का शव रविवार सुबह एक तालाब में तैरता मिला। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, मोहसिन का पुत्र शैफान शनिवार शाम घर से लापता हो गया था। परिजन पूरी रात उसकी तलाश करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रविवार सुबह एक व्यक्ति को तालाब में बालक का शव तैरता नजर आया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। थाना प्रभारी पुष्पा कसोटिया ने बताया कि परिजनों ने देर रात बच्चे के लापता होने की सूचना दी थी। पहले अंदेशा था कि वह दरगाह गए लोगों के साथ गया होगा, लेकिन वहां से भी उसका पता नहीं चला। सुबह घर के पास ही एक गड्ढेनुमा तालाब में उसका शव मिला। प्रथम दृष्टया हादसे की आशंका जताई जा रही है, हालांकि जांच के बाद ही कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस मामले की जाँच में जुटी है ।

## छात्रसंघ चुनाव टालने पर भड़की एनएसयूआई, भाजपा पर लगाया लोकतंत्र से भागने का आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



एनएसयूआई की ओर से आगामी छात्रसंघ चुनावों को लेकर सरकार पर दबाव बनाना शुरू हो गया है। रविवार को शाहपुरा में आयोजित कार्यक्रम में संगठन ने भाजपा पर तीखा हमला बोला और चुनाव टालने की आशंका को लोकतंत्र के विरुद्ध बताया।

इस मौके पर एनएसयूआई के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सम्पत गुर्जर का शाहपुरा आगमन पर सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष जयंत जीनगर के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। युवा कांग्रेस व एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए माल्यार्पण कर जोरदार अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुर्जर ने कहा कि भाजपा छात्रसंघ चुनावों से हार के डर से भाग रही है, जबकि एनएसयूआई मैदान में डटकर लोकतांत्रिक लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि चुनाव टाले गए तो एनएसयूआई उग्र आंदोलन के लिए तैयार है।

समारोह में युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमन पोंड्रिक, शाहरुख़ खान भीमपुरा, आदित्यवर्धन सिंह राणावत, भीमराज देवासी, केशव सपूत, आशीष बांगड़, महेंद्र बंजारा, विजेंद्र सिंह राणावत, लोकेश कुम्हार, नवीन सेन, हर्ष जोशी, प्रकाश धाकड़, महेंद्र प्रताप सिंह, योगेश मौर्य, राघव प्रताप सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 55 वर्षीय किराना दुकानदार गांजा-भांग के साथ गिरफ्तार, नशे के धंधे से इलाके में सनसनी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

कस्बे में शनिवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 55 वर्षीय दुकानदार को गांजा और भांग बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा। आमजन की नज़रों में एक सामान्य किराना दुकान की आड़ में चल रहा यह नशे का कारोबार जब सामने आया तो इलाके में हड़कंप मच गया।

थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि बिजौलिया निवासी एक व्यक्ति अपनी दुकान की आड़ में अवैध रूप से मादक पदार्थों की बिक्री कर रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने रविवार को दबिश दी और मौके से करीब 40 ग्राम गांजा और 450 ग्राम भांग बरामद की।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान बबलू व्यास पिता श्यामलाल व्यास , उम्र करीब 55 वर्ष, निवासी पथिक नगर बिजौलिया के रूप में की गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे थाने में रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपी का इस धंधे में नेटवर्क कितना बड़ा है और वह कब से यह कारोबार कर रहा था।



# त्रिवेणी संगम से मूंडला महादेव तक कांवड़ यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, 10 किमी पैदल चलकर किया जलाभिषेक









**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**

श्रावण मास के पावन अवसर पर मांडलगढ़ में त्रिवेणी संगम से मूंडला महादेव मंदिर तक विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति का अद्भुत वातावरण निर्मित किया। यात्रा का नेतृत्व संयोजक मुकेश खंडेलवाल द्वारा किया गया।



### भक्ति में डूबे रहे श्रद्धालु, 10 किलोमीटर की पदयात्रा

मेवाड़ के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र त्रिवेणी संगम से जल भरकर श्रद्धालुओं ने 10 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए मूंडला महादेव पहुंचकर जलाभिषेक किया। 'हर हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। भगवा परिधान में महिला, पुरुष, बालक-बालिकाएं, बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं के स्वागत हेतु जलसेवा शिविर, भंडारे और धार्मिक संगीत की धुनों पर झूमते भक्तजन नजर आए। ढोल, बैंड-बाजों और डीजे पर धार्मिक भजनों के साथ यात्रा आगे बढ़ती रही।

### जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत

मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ कांवड़ यात्रा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन श्रद्धा, सामाजिक समरसता और एकता का प्रतीक है। यात्रा शांतिपूर्ण संपन्न हुई, जिसके लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### भक्ति, सेवा और सौहार्द का संगम

कांवड़ यात्रा में भीलवाड़ा भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, जिला परिषद सदस्य हरिलाल जाट, मांडलगढ़ उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा, डीएसपी बाबूलाल विश्नोई सहित भाजपा संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, समाजसेवी और श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद रहे। यात्रा के दौरान अच्छी बारिश और क्षेत्र में समृद्धि की कामना की गई।

# श्रावण में शिवभक्ति का उमंगः भीलवाड़ा जिले में निकली भव्य कांवड़ यात्राएं, हर-हर महादेव से गूंजे शिवालय



भीलवाड़ा : 100 फिट लंबी कावड़ यात्रा निकली




भीलवाड़ा : तेली समाज द्वारा निकाली गई कावड़ यात्रा में शिव भक्त



जहाजपुरः कस्बे में निकली कावड़ यात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

सावन मास के पावन अवसर पर रविवार को भीलवाड़ा जिले भर में शिवभक्ति के रंग में रंगी भव्य कांवड़ यात्राएं निकाली गईं। जगह-जगह 'हर हर महादेव' के जयकारों, भक्ति गीतों और पुष्पवर्षा के बीच हजारों श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए निकले।

शहर की सबसे बड़ी कांवड़ यात्रा का आयोजन आजाद नगर स्थित मनोकामना मंदिर से हुआ, जिसमें 100 फीट लंबी कांवड़ श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। बिहार नव दुर्गा सेवा समिति व पूर्वांचल जन चेतना समिति ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस यात्रा का शुभारंभ पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लादू लाल तेली, गोपाललाल माली और रजनीश वर्मा ने भगवा ध्वज दिखाकर किया। यात्रा चन्द्रशेखर आजाद नगर, यमुना विहार होते हुए हरणी महादेव पहुंची। समापन पर महाप्रसादी वितरित की गई।

इसी क्रम में, तेली समाज द्वारा भी शहर में विशेष कांवड़ यात्रा निकाली गई जो लक्ष्मी नारायण मंदिर से रवाना होकर तिलकनगर के शिव मंदिर पहुंची, जहां हरिद्वार से लाया गया गंगाजल चढ़ाया गया। यात्रा में झांकियों और लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों के साथ महिला-पुरुषों ने उत्साह से भाग लिया। समापन पर भंडारे का आयोजन हुआ।

श्री महावीर हनुमान सेवा संस्थान द्वारा वर्षा की कामना के साथ 10वीं कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा की शुरुआत पीपलेश्वर महादेव मंदिर से हुई, जहां से 161 कांवड़ियों व 51 महिलाओं ने भक्ति गीतों पर नाचते हुए विभिन्न मार्गों से होते हुए हरणी महादेव मंदिर पहुंचकर 12 ज्योतिर्लिंग मंदिर में जलाभिषेक किया। शुभारंभ महंत मोहन शरण शास्त्री, गजानंद बजाज और राधेश्याम सोमानी ने किया। संस्थान अध्यक्ष राजेंद्र मूंदड़ा और सदस्यों के सहयोग से समापन पर महाप्रसादी वितरित की गई।

**जहाजपुर दिनेश टांक**, कस्बे में, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के तत्वावधान में बनास नदी से जल लेकर भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। बाबूलाल खटीक, कैलाश महावर, योगेश पत्रिया और अन्य जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। यात्रा घास भेरू महादेव और बारह देवरा महादेव मंदिर पहुंची, जहां जलाभिषेक किया गया। विधायक गोपीचंद मीणा, पालिका अध्यक्ष नरेश मीणा, और पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में यात्रा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई।

**आकोला जसवंत पारीक** गेगा का खेड़ा गांव में भी त्रिवेणी संगम बीगोद से लाया गया पवित्र जल अर्पित कर जलाभिषेक किया गया। यात्रा का नेतृत्व दुर्गेश शर्मा ने किया। 21 कांवड़ियों की टोली ने कई गांवों से गुजरते हुए मंदिर में पूजा की। इसमें सागर उपाध्याय, योगेश व्यास, मनोज तिवाड़ी, गगन पुरोहित सहित कई शिवभक्त शामिल हुए।

जिलेभर में निकली इन विविध यात्राओं ने सावन के पहले रविवार को शिवमय बना दिया, जिसमें हर वर्ग और समुदाय की श्रद्धा और आस्था एकजुट दिखाई दी।



आकोलाः गेगा खेड़ा में कांवड़ लेकर पहुंचे कावड़िए

# ईको कार चोरी करने वाला गिरोह धराया, कोटा सहित राजस्थान से चुराई गईं 13 गाड़ियां बरामद

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा

रेलवे कॉलोनी थाना पुलिस ने एक शातिर अंतरजिला कार चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 13 चोरी की ईको कारें बरामद की हैं। गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार किए गए हैं, जो एक तय रणनीति के तहत कार चोरी, मॉडिफिकेशन और बिक्री का काम करते थे।

पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि कोटा सहित राजस्थान के विभिन्न इलाकों में ईको कारों की बढ़ती मांग को देखते हुए गिरोह इन्हीं वाहनों को निशाना बना रहा था। आरोपी चोरी की गई कारों के इंजन और चेसिस नंबर बदलकर उन्हें नया रूप देते और फिर बाजार में बेच देते थे।

रेलवे कॉलोनी थाना क्षेत्र के रंग तालाब इलाके से एक ईको कार चोरी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मामले की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना, तकनीकी विश्लेषण और 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने सैयद औसाफ अली 34 निवासी सूर्य नगर, आदिल 29 निवासी वक्फ नगर दादाबाड़ी और मोहम्मद हुसैन उर्फ बल्लू निवासी छतरपुरा तालाब विज्ञान नगर को गिरफ्तार किया।



इस दौरान सामने आया है कि तीनों आरोपियों की भूमिका पहले से तय थी। एक चोरी करता, दूसरा कार की बनावट में फेरबदल करता और तीसरा ग्राहक तक पहुंचाता। पुलिस अब गिरोह से जुड़ी अन्य कड़ियों को जोड़ने में जुटी है और यह पता लगाया जा रहा है कि कितने और वाहन अब तक इसी तरीके से बेचे जा चुके हैं।

## अगस्त में होंगे शिक्षक संघ राष्ट्रीय की उपशाखाओं के चुनाव, 7 अगस्त को सौंपेंगे ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला बैठक प्रतापनगर विद्यालय में आयोजित हुई, जिसमें संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश मुख्य अतिथि और विभाग संगठन मंत्री तेज बहादुर सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामप्रसाद माणम्या ने की।



बैठक में सदस्यता अभियान की समीक्षा के साथ जिले की 10 उपशाखाओं आसींद, हुरड़ा, मांडल, करेड़ा, रायपुर, सहाड़ा, मांडलगढ़, बिजोलिया, सुवाणा व भीलवाड़ा शहर के चुनाव 24 व 31 अगस्त को कराने का निर्णय लिया गया। चुनाव अधिकारियों और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति भी की गई। जिला मंत्री सुरेश बड़वा ने बताया कि संगठन की 7 सूत्रीय मांगों को लेकर 7 अगस्त को सभी उपखण्ड मुख्यालयों पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रमुख मांगों में शिक्षकों के स्थानांतरण, डीपीसी, गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति, व विभिन्न संवर्गों की समस्याएं शामिल हैं। 1 सितंबर को ÷मेरा विद्यालय-मेरा स्वाभिमान÷ अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं को अपने विद्यालय को आदर्श विद्यालय बनाने का संकल्प दिलाया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी व उपशाखाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## शाहपुरा बियर्ड क्लब ने कोटा में बिखेरा जलवा, तीन कैटेगरीज में पहला स्थान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

कोटा में अतरंगी प्रोडक्शन के बैनर तले आयोजित पहले बियर्ड कंपीटिशन में शाहपुरा बियर्ड क्लब के सदस्यों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन कैटेगरीज में प्रथम स्थान हासिल किया। ब्लैक थार गाने की लॉन्चिंग के दौरान हुए इस आयोजन में क्लब के धीरज पारीक ने अभिनय से सबका ध्यान खींचा। प्रतियोगिता के निर्णायक और क्लब के संस्थापक डॉ. इशाक खान ने बताया कि देशभर से आए प्रतिभागियों में शाहपुरा के दीपक पारीक ने ग्रे बियर्ड, प्रवीण सुखवाल ने लांगेस्ट मूंछ और दिनेश भील ने फंकी बियर्ड कैटेगरी में पहला स्थान प्राप्त किया। विजेताओं के स्वागत में शाहपुरा लौटने पर नगरवासियों और परिजनों ने माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।



# भीलवाड़ा फुटबॉल संघ के पदाधिकारी भारतीय फुटबॉल संघ अध्यक्ष से मिले, जिले में एकेडमी खोलने की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

उदयपुर में आयोजित बैठक के दौरान भीलवाड़ा फुटबॉल संघ के पदाधिकारियों ने भारतीय फुटबॉल संघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे से मुलाकात कर जिले में फुटबॉल को बढ़ावा देने की मांग रखी। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत और कोषाध्यक्ष कैलाश चंद्र खटीक के नेतृत्व में विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने प्रदेश में फुटबॉल की स्थिति से अवगत कराया।



भीलवाड़ा फुटबॉल संघ के सचिव ने बताया कि जिले में करीब 400-500 बालक-बालिका फुटबॉल खिलाड़ी सक्रिय हैं, जो 6 से 7 मैदानों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित अभ्यास करते हैं। सचिव ने जिले में एसएआई की आवासीय फुटबॉल एकेडमी और राष्ट्रीय स्तर के कोच नियुक्त करने की मांग रखी, जिससे खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर सकें।

इस अवसर पर उदयपुर, डूंगरपुर, राजमंद और अन्य जिलों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने 'मन की बात' अभियान के संयोजक व सहसंयोजकों की घोषणा की

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' अभियान के तहत जिला संयोजक और 7 विधानसभा प्रभारी सह संयोजकों की नियुक्ति की है। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि सीपी जोशी को जिला संयोजक बनाया गया है। सह संयोजकों में सोनू सिंह राजपूत भीलवाड़ा, वीरेंद्र शर्मा आसींद, विष्णु ओझा मांडल, विनोद पुरोहित सहाड़ा, थान सिंह चंदेल शाहपुरा, रघु सालवी जहाजपुर और हितेंद्र राजौरा मांडलगढ़ को जिम्मेदारी दी गई है। जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने बताया कि 'मन की बात' कार्यक्रम के सुचारू आयोजन हेतु ये नियुक्तियां की गई हैं, ताकि जिलेभर में अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिल सके

## QUICK BITES

### भीलवाड़ा में 5 अगस्त से निशुल्क नेत्र जांच और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा


श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति और अंधता निवारण सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में चार दिवसीय निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन 5 अगस्त से किया जा रहा है। यह शिविर आरसी व्यास कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्धाश्रम परिसर में सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा।

समिति के मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में डॉ. कृष्णा हेडा (फेको सर्जन) की देखरेख में नेत्र रोगियों की आंखों की जांच के साथ ही शुगर और ब्लड प्रेशर की भी जांच निशुल्क की जाएगी। जांच के दौरान आंखों में दवा डालकर ऑपरेशन योग्य रोगियों की पहचान की जाएगी।

चयनित मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन 6 अगस्त को स्पर्श हॉस्पिटल में निशुल्क किए जाएंगे। इसके बाद 7 अगस्त को ऑपरेशन करवाने वाले रोगियों को दवाइयां और काले चश्मे वितरित किए जाएंगे। वहीं 8 अगस्त को इन रोगियों की फॉलोअप जांच भी निशुल्क की जाएगी।

### साथिया ग्रुप ने मनाया सतरंगी सावन उत्सव, लहरिया में झूमी महिलाएं

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



सावन के रंगों से सजे त्योहारी माहौल में साथिया ग्रुप ने निजी होटल में सतरंगी सावन व लहरिया महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम में सभी महिलाएं लहरिया पहनकर झूले और मस्ती में डूबी रहीं।

पार्थिव शिवलिंग व बर्फ से बने द्वादश ज्योतिर्लिंगों की पूजा की गई। लहरिया क्वीन का खिताब रितेश सोनिका जागेटिया और उखाना क्वीन का खिताब सीताक्षी पोरवाल को मिला। महिलाएं सावन गीतों पर थिरकीं और सामूहिक भोज का आनंद लिया। कार्यक्रम में रेखा लढा, रेखा सोडाणी, सोनाली अजमेरा, हेमलता पोरवाल सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं। जजमेंट कृष्णा बिरला और सुनीता सोमानी ने किया।

### श्रावण मास में नगर निगम का विशेष आयोजन, वार्ड 39 व 66 में सहस्त्रधारा अभिषेक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा श्रावण मास में चल रहे 70 मंदिरों में 70 सहस्त्रधारा अभिषेक कार्यक्रम के तहत रविवार को वार्ड 39 सिंधुनगर स्थित झूलेलाल मंदिर और वार्ड 66 चपरासी कॉलोनी के हठीले हनुमान मंदिर में सहस्त्रधारा अभिषेक हुआ। महापौर राकेश पाठक की अगुवाई में पं. योगेन्द्र शर्मा व सहयोगी पंडितों ने अनुष्ठान संपन्न कराया। इस अवसर पर कई पार्षद, समाजजन और श्रद्धालु मौजूद रहे।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।